पितरों को नमन

पिता की सीख से बदला व्यक्तित्व

समाज सेवा मुझे अपनी विरासत में मिली है. मेरे पिता स्वर्गीय रामस्वरूप नेमा 'बाबासाहब' के नाम से प्रसिद्ध थे. उन्होंने अपने जीवन काल में हजारों पीड़ितों का निशुल्क इलाज किया. वे धार्मिक प्रवृत्ति के थे. अपने खर्चे से टीला जमालपुर क्षेत्र में गोपाल मंदिर का निर्माण किया. स्वर्गीय माता श्रृंगार भाई नेमा ने उनके साथ मिलकर जीवन पर्यंत आम लोगों की सेवा कर अपने कृतित्व की छाप छोड़ी. 18 वर्ष पहले माता बृजमोहन रामकली गौ-संरक्षण गौशाला में पहुंची और उन्होंने यहां निराश्रित एवं वृद्ध गायों को खीर-पुरी और गुड़ खिलाकर गौ-भंडारा किया. तभी से प्रतिवर्ष पितृपक्ष में गायों के लिए भंडारा आयोजित किया जाता है. पिता के कृतित्व से मिली समाज सेवा की प्रेरणा एवं माता से मिली गौ-सेवा की सीख, आज मेरे जीवन का ध्येय बन गई है. आज मेरा जो भी अस्तित्व है, इनकी प्रेरणा और आशीर्वाद से है.

-प्रमोद नेमा, समाजसेवी

बड़े काम की छोटे से शुरुआत की मिली प्रेरणा

ताई स्वर्गीय लीला देवी ढालिया बहुत सरल स्वभाव की थीं. वे कहा करती थीं कि परिवार के साथ-साथ समाज और नई पीढ़ी के लिए कुछ अच्छा करना चाहिए. पेड़ लगाना, जरूरतमंद की मदद करना चाहिए. उनका मानना रहता था कि ऐसा काम करो जिसे पीढ़ियां याद रखें और दूसरों को भी प्रेरणा मिले. उनके संस्कारों ने मेरा जीवन बदल दिया. बड़ी बातें करने से ज्यादा जरूरी है, छोटे-छोटे काम करते रहें. इसी सोच के साथ मैंने भी अलग-अलग स्थानों पर पौधे लगाए और समाजसेवा के कार्यों से जुड़ने का प्रयास किया. आज जब उन पौधों को बड़े वृक्ष के रूप में देखता हूं, तो खुशी होती है. उनकी सबसे बड़ी सीख यही थी कि जीवन ऐसा जियो कि आपके जाने के बाद भी अच्छे काम लोगों के काम आते रहें. 'ताई लीला देवी को सादर नमन.

भगवान दास ढालिया, समाजसेवी

अपने पूर्वजों की अनमोल यादों, प्रेरणादायी प्रसंगों और जीवन से जुड़ी भावुक स्मृतियों को शब्दों में सहेजें. आप भी अपनी स्मृतियां साझा करना चाहते हैं, तो 100 शब्दों में लिखकर भेजें. भेजने वाले का नाम एवं फोटो भेजें. साथ ही धर्म, समाज से जुड़ी खबरें भी भेज सकते हैं. **मोबाइल नंबर - 9669376505**

नगर में आज

वन्यजीव सप्ताह
समय- सुबह 11 बजे, **स्थान-** वन विहार

काव्य-यात्रा पर चर्चा
समय- शाम 6 बजे, **स्थान-** अरेरा क्लब बैंक्वेट हॉल

'राष्ट्रहित और पत्रकारिता' व्याख्यान
समय- शाम 6 बजे, **स्थान-** विश्व संवाद केंद्र

एक नजर में



बायोइन्फॉर्मेटिक्स में छिपी रोजगार की संभावनाएं

भोपाल, 6 अक्टूबर. बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग में बायोइन्फॉर्मेटिक्स विषय पर विशेष अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ. 22 सितंबर से 6 अक्टूबर तक चले इस प्रशिक्षण में संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की 22 छात्राओं ने बायोइन्फॉर्मेटिक्स के व्यावहारिक पहलुओं को समझा. पूर्व कुलगुरु प्रो अखिलेश पांडे ने बताया कि बायोइन्फॉर्मेटिक्स के सहयोग से वायु प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं के समाधान खोजे जा सकते हैं. कुलसचिव प्रो एसबी सिंह ने अर्थशास्त्र को जैव सूचना तंत्र से जोड़ने का अनूठा विचार रखा.

आयुर्वेद में प्रामाणिक विधा है नाड़ी परीक्षा

भोपाल, 6 अक्टूबर. पं खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान में राष्ट्रीय संगोष्ठी नाड़ी विश्लेषण 2026 का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में देशभर के विशेषज्ञों ने नाड़ी परीक्षा की महत्ता और इसकी व्यावहारिक तकनीकों पर विचार-विमर्श किया. रजत जयंती ऑडिटोरियम में इस संगोष्ठी का उद्घाटन राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने किया. इस दौरान विधायक भगवान दास सबनानी, आयुष विभाग के प्रमुख सचिव शोभित जैन और आयुक्त आर उमा महेश्वरी शामिल रहे. राज्यपाल द्वारा स्मारिका आयुर्वर्धन स्किल सेल का विमोचन किया गया. उत्कृष्ट कार्य करने वाले नाड़ी विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया. संगोष्ठी में देशभर के आयुर्वेद संस्थानों से 660 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया. जिनमें 372 स्नातक छात्र 110 स्नातकोत्तर शोधार्थी और 110 चिकित्सा अधिकारी शामिल रहे.

रिश्तों में विचारों के अंतर से जलती है क्रोध की अग्नि

विधानसभा परिसर में क्षमा वाणी महोत्सव में आचार्य समर सागर महाराज ने प्रकट किए विचार

▶ **मुख्यमंत्री और विस अध्यक्ष तोमर ने महाराज से आशीर्वाद**

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 6 अक्टूबर. सकल जैन समाज का मध्यप्रदेश विधान सभा में मंगलवार को क्षमा वाणी महोत्सव आयोजित हुआ. जिसमें 'जय हिंद जय जिनेंद्र' के जयकारे गूंजे. आयोजन में एक-दूसरे से जाने अनजाने में की गई गलतियों के लिए क्षमा मांगते दिखे.

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि क्षमा पर्व व्यक्ति के अंतर मन को मजबूत बनाता है. अहंकार का नाश कर क्षमा जीवन में सरलता सहजता लाती है. आचार्य के आशीर्वाद से सभी कल्याण की भावना से जनहित के कार्य करें. विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि धर्म के बिना जीवन अधूरा है. जैन सिद्धांत में त्याग और कठोरता समर्पण दिखाई देती है. यह सभी के लिए अनुकरणीय है. आचार्य समय सागर महाराज ने कहा कि जैन धर्म जातिवाद का धर्म नहीं है. यहां वैराग्य की भावना से ओतप्रोत, जीव दया की भावना से अहिंसा की उपासना की जाती है.

अहिंसा व्यक्ति विशेष का नहीं है. प्रत्येक जीव सुख शांति चाहता है. क्षमा धर्म की उपासना के बिना सुख शांति नहीं है. करुणा, दया, अनुकंपा के बिना धर्म की आराधना नहीं हो पाएगी. उन्होंने कहा कि रिश्तों में विचारों के अंतर से क्रोध की अग्नि जलती है, जिसे क्षमा रूपी नीर से बुझा सकते है. जिसमें संयम की औषधि का लेप जरूरी है.

समिति के मीडिया प्रवक्ता सुनील जैनाविन ने बताया कि आयोजन में मंत्री चेतन कश्यप, महापौर मालती राय, महामंत्री राहुल कोठारी, विधायक भगवान दास सबनानी, हाउसिंग बोर्ड के चेयरमेन ओम जैन, पंकज सुपारी, अखिलेंद्र जैन, मनोज बांगा, मनोज प्रधान, अंशुल जैन, नितिन नांदगांवकर सहित ब्रह्मचारी भइया-बहन समेत अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे.

मेधावी छात्रों को किया पुरस्कृत

भोपाल, 6 अक्टूबर. मेरे सपनों का भारत विषय पर टीटी नगर स्थित कमला नेहरू सांदीपनी विद्यालय में राज्य स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी, भाषण प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ. बच्चों ने कल्पनाशीलता से मंगलयान, गगनयान और विकसित भारत के सपनों को रंगों के माध्यम से उकेरा. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि राज्य की जर्जर शालाओं और भवन विहीन स्कूलों के नए भवन 2 वर्षों में तैयार हो जाएंगे. शिक्षकों के प्रमोशन की प्रक्रिया जारी है. नई भर्तियों के रास्ते भी खोले जा रहे हैं. दूरदराज के छात्रों के लिए स्कूलों और कॉलेज स्तर पर परिवहन व्यवस्था विकसित की जा रही है. मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. समारोह में मंत्री उदय प्रताप सिंह, मंत्री चेतन कश्यप, महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी सहित वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.

राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में अशोकनगर की छात्रा श्रीजी मिश्रा ने प्रथम, धार जिले की छवि मंगरोलिया ने दूसरा और गुना की रानी रजक ने तीसरा स्थान मिला. चित्रकला प्रतियोगिता में नरसिंहपुर की आयुषी अहिरवार प्रथम, बालाघाट के डीनू बोपचे दूसरे और टीकमगढ़ की आयुष सिद्धि नामदेव तीसरे स्थान पर रहे.

कैडेट्स ने किया मिट्टी का संकलन

भोपाल, 6 अक्टूबर. नेशनल कैडेट कोर के संकल्प वृक्ष कार्यक्रम के अंतर्गत भोपाल ग्रुप हेडक्वार्टर के एयर विंग यूनिट द्वारा सेंट जेवियर स्कूल भेल में पवित्र मिट्टी के संकलन का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में एनसीसी की सभी विंग्स, आर्मी, नेवी और एयर के कैडेट्स ने भाग लिया. पवित्र मिट्टी का संकलन कर उसे एनसीसी समूह मुख्यालय भेजा गया. यह मिट्टी संकल्प वृक्ष कार्यक्रम में उपयोग की जाएगी. कार्यक्रम में सेट जेवियर्स स्कूल के प्रधानाचार्य फादर लियो बाबू और एनसीसी के अधिकारी मौजूद रहे.

बीएचईएल में वेल्डिंग सुरक्षा पर जागरुकता गतिविधि

बीएचईएल संवाददाता

भोपाल, 6 अक्टूबर. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के ब्लॉक-1बी फैब्रिकेशन डब्ल्यूटीएम विभाग में मानव संसाधन विकास (एचआरडी) विभाग द्वारा वेल्डिंग सुरक्षा जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई.

गतिविधि के दौरान वेल्डिंग कार्य करते समय क्या करें और क्या न करें, इससे संबंधित पोस्टर प्रदर्शित किए गए. वेल्डिंग कर्मियों को निर्धारित सुरक्षा प्रक्रियाओं के पालन तथा कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां बताई गई. सुरक्षित कार्यप्रणाली के साथ-साथ वेल्डिंग की गुणवत्ता बनाए रखने और री-वर्क को शून्य करने पर जोर दिया गया. अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा मानकों से कार्यस्थल पर जोखिम कम करने के साथ उत्पादन की गुणवत्ता और परिचालन दक्षता को बेहतर बनाया जा सकता है. यह गतिविधि भेल में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने और उच्च गुणवत्ता वाले कार्य निष्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में आयोजित की गई.

200 विद्यार्थियों ने वन्यजीव प्रबंधन की समझी बारीकियां

▶ **वन्यजीव सप्ताह में रेस्क्यू डेमो और वॉक-थ्रू क्विज**

▶ **प्रतियोगिता का आज होगा समापन**

भोपाल, 6 अक्टूबर. वन्यजीव सप्ताह 2026 के तहत वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में मंगलवार को विद्यार्थियों और पर्यटकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम हुआ. 'वॉक इन द शूज़ ऑफ ए फॉरेस्ट ऑफिसर' कार्यक्रम में 200 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया.

विद्यार्थियों को वन संरक्षण, वन्यजीव प्रबंधन, प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व के बारे में जानकारी दी गई. वहीं स्नेक पार्क में 'जुड़े आवास, वन्यजीवन का विकास' विषय पर वॉक-थ्रू क्विज हुई, जिसमें 180 प्रतिभागी शामिल हुए. वन्यजीव पासपोर्ट गतिविधि में 96 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 27 को वन्यजीव संरक्षण राजदूत और 17 को वन्यजीव चैंपियन चुना गया. 7 अक्टूबर को समापन होगा.

मृदा संरक्षण मॉडल देखा

महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए 'वन डे एज ए वाइल्ड लाइफ रेस्क्यूर' कार्यक्रम हुआ, जिसमें 187 विद्यार्थियों ने भाग लिया. वन विभाग की विभिन्न शाखाओं के मॉडल, नर्सरी, प्लांटेशन, वॉच टावर, मृदा संरक्षण मॉडल, चेकडेम और वन्यजीवों के पगमार्क दिखाकर विद्यार्थियों को व्यावहारिक जानकारी दी गई. रेस्क्यू उपकरणों के साथ लाइव डेमो भी दिखाया गया.

प्रकृति से मिलती है परोपकार की शिक्षा

भोपाल, 6 अक्टूबर. राजधानी की सम्राट कॉलोनी स्थित गोपी वाला महादेव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन वामन जन्म की कथा का प्रसंग सुनाया गया.

भागवत कथा आचार्य पंडित ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है. हमें भागवत कथा सुनने के साथ साथ उसकी शिक्षाओं पर भी विचार करना चाहिए. भगवान विष्णु ने वामन अवतार लेकर राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ और अंहकार से जीवन में कुछ भी प्राप्त नहीं होता. यह धन, संपदा क्षणभंगुर होती है.

इसलिए इस जीवन में परोपकार करते रहना चाहिए. अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है. ईर्षालु व्यक्ति अपने जीवन में कभी उन्नति नहीं कर सकता. ऐसे व्यक्तियों को भगवान सूर्य, वायु, नदियों, बादलों व वृक्षों इत्यादि से प्रेरणा लेनी चाहिए.

उन्होंने कहा कि भगवान सूर्य बिना किसी भेदभाव के सृष्टि के सभी प्राणियों को अपना प्रकाश देते हैं. वायु सभी जीवों में प्राणों का संचार करती है. बादल परोपकार के लिए गरजते हुए वर्षा करते है, नदियां किसी से नहीं पूछती कि तुम मेरा जल क्यों पीते हो और वृक्ष भी किसी व्यक्ति से यह नहीं पूछते कि तुम मेरे फल क्यों तोड़ते हो, लेकिन स्वार्थी मानव ईर्ष्यालु होता जा रहा है. यदि व्यक्ति को अपना उद्धार करना है, तो परोपकार में जीवन लगाना होगा. जिससे मानव समाज का कल्याण होगा.

कैंपियन स्कूल-डीपीएस की शानदार जीत

भोपाल. डॉ गोविंद नारायण सिंह 'दाऊ साहेब' इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में कैंपियन स्कूल ने बैंक ऑफिसर्स को 10 विकेट से हराया, टॉस जीतकर बैंक ऑफिसर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 23.2 ओवरों में 54 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. बैंक ऑफिसर्स की ओर से अंशु विश्वकर्मा ने 17 रन बनाएं. कैंपियन स्कूल (भौंरी) की ओर से गेंदबाजी में आदि ने 6 विकेट और युवराज ने 2 विकेट लिए. जवाब में कैंपियन स्कूल अरेरा कॉलोनी ने 6 ओवर में 55 रन बनाकर यह मैच 10 विकेट से जीत लिया. कैंपियन स्कूल से सहर्ष 21 रन और आबान 30 रनों पर नाबाद रहे.

एशियाई खेलों में भारत के हॉकी स्वर्ण में विवेक सागर की भूमिका

विशेष संवाददाता

भोपाल, 6 अक्टूबर. जापान के आइची-नागोया में आयोजित 20वें एशियाई खेलों में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता.

3 अक्टूबर को खेले गए फाइनल में भारत ने मलेशिया को 5-1 से हराकर लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों का हॉकी स्वर्ण अपने नाम किया. इस जीत के साथ भारत ने 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफिकेशन भी हासिल कर लिया. मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए विशेष रूप से स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य एवं उप पुलिस अधीक्षक विवेक सागर प्रसाद के प्रदर्शन की सराहना की.

इटारसी क्षेत्र के चांदौन निवासी विवेक सागर वर्ष 2021 से मध्यप्रदेश पुलिस में सेवाएं दे रहे हैं. वे टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम, 2022 राष्ट्रमंडल खेलों, 2023 एशियाई खेलों और 2024 पेरिस ओलंपिक में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं.

मूल अधीक्षकों की शिक्षक संवर्ग में गणना रोकने की मांग

▶ **मांगे नहीं मानने पर अधीक्षक संघ ने आंदोलन की चेतावनी**

भोपाल, 5 अक्टूबर. मूल अधीक्षक पदस्थापना वाले अधीक्षकों ने जनजातीय कार्य विभाग मंत्री विजय शाह, प्रमुख सचिव एवं आयुक्त के नाम संभागीय उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है.

मप्र राजपत्र में 14 मई 2008 के अनुसार 755 छात्रावास अधीक्षकों की नियुक्ति हुई थी. विभाग द्वारा 22 अगस्त 2013 को छात्रावास अधीक्षकों को संविदा शिक्षक वर्ग-2 के समान सुविधाएं देने के निर्देश जारी किए गए थे. इनको अध्यापक संवर्ग सहित माध्यमिक शिक्षक के समान सभी सुविधाएं मिल रही हैं. क्रमोन्नति के बाद क्षेत्र संयोजक स्तर का वेतनमान मिल रहा है. इसके विरोध में अधीक्षकों द्वारा सभी जिलों में ज्ञापन सौंपे गए. ज्ञापन में मांग की है कि अधीक्षक संवर्ग का केडर निर्मित कर वेतनमान अनुसार सुविधाएं, कार्यपालिक पद पर पदोन्नति और पदस्थापना आदि की सुविधा मिलना चाहिए. ज्ञापन सौंपने के मौके पर छात्रावास अधीक्षक संघ मध्यप्रदेश के विधि सलाहकार लक्ष्मीकांत गोस्वामी, सागर जिला अध्यक्ष, सतीश गोलंदाज, संभागीय अध्यक्ष लखन अहिरवार (डोमा), शुभे सिंह सोलंकी, रश्मि जडिया, शिवकुमार साकेत उपस्थित रहे.

पनप रहा आक्रोश

बता दें. जनजातीय कार्य विभाग आयुक्त ने 1 अक्टूबर 2026 को एक आदेश जारी किया. जिसमें 7 वर्ष से अधिक समय से पदस्थ एवं अधीक्षक पद पर सेवाएं दे रहे शिक्षकों को हटाया जाएगा. इस आदेश के तहत कुछ जिला अधिकारियों मूल अधीक्षकों को भी शिक्षक संवर्ग में गणना कर रहे हैं. यह मूल अधीक्षकों के साथ अन्याय है.

समारोह | लाल परेड में यूथ कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन

'एक मुलाकात हो तू मेरे पास हो'...पर झूमे युवा

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 6 अक्टूबर. अब तू ख्वाबों में भी आना छोड़ दे, अब कौन सा हम साथ हैं, तेरे साथ भी हम बर्बाद थे, तेरे बाद भी हम बर्बाद हैं... पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल की आवाज का ये जादू एक शायरी से ही युवाओं के सिर ऐसा चढ़ा कि युवाओं का जोश चरम पर पहुंच गया.

यह अवसर था मंगलवार को लाल परेड में आयोजित यूथ कॉन्क्लेव 2026 का, जब नौटियल ने अपनी सुरीली आवाज में सुबह 10 बजे ही संगीत के जरिए युवाओं के पैर थिरका दिए. जुबिन ने 'एक मुलाकात हो तू मेरे पास हो' संगीत शुरू किया,

तो युवा पूरे जोश के साथ उनके संग गुनगुनाने लगे.

वहीं युवाओं की वंस मोर की गुहार में जुबिन ने एक के बाद एक लुट गए, रातां लंबिया, तिनका तिनका, ज़िंदगी कुछ तो बता और सईयारा...जैसे कई गानों से युवाओं का दिल जीत लिया. इस दौरान कार्यक्रम में कबीर कैफे बैंड ने भी बेहतरीन प्रस्तुति से युवाओं को कबीर के दोहों की लय में शुमार कर लिया.

जोखिम लेने से ही व्यापार में मिलती है सफलता

भोपाल. आमतौर पर लोग मानते हैं कि जोखिम लेने से ही व्यापार में बड़ी सफलता मिलती है. हालांकि यह धारणा उन सर्वेक्षणों पर आधारित होती है, जो वर्तमान में चल रहे हैं. जो लोग जोखिम लेकर असफल हो गए, वे आंकड़ों से बाहर छूट जाते हैं. जिससे जोखिम उठाना जरूरत से ज्यादा फायदेमंद नजर आता है. यह बात मंगलवार को मैनिट के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग में विशेष व्याख्यान में जर्मनी के वुपर्टाल विश्वविद्यालय के प्रो वर्नर बोंटे ने कही. व्याख्यान के समन्वयक डॉ मदन धनोरा ने बताया कि मैनिट भोपाल भविष्य में वुपर्टाल विश्वविद्यालय के साथ शैक्षणिक जुड़ाव को और मजबूत करेगा. आने वाले समय में छात्र विनिमय कार्यक्रमों और अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देगा.

शिव लहरी मंदिर में हवन-पूजन

संत हिरदाराम नगर, 6 अक्टूबर. इंदिरा एकादशी के पावन अवसर पर संत हिरदाराम नगर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित शिव लहरी काली मंदिर में भव्य हवन-पूजन एवं महाआरती का आयोजन किया गया.

धार्मिक अनुष्ठान पंडित 1008 संतोष शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ. हवन-पूजन के बाद महाआरती की गई. श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की. धार्मिक अनुष्ठान में हीरो हिंदू के अध्यक्ष हीरो इसरानी, नानक दादलानी, प्रभुदास मूलचंदानी, मधु घनश्यानी, प्रकाश मीणा, राजकुमार दादवानी, रवि लालवानी, समीर नरेंद्र टहलियानी, बाबू लालवानी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे.